हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

4


**सबसे सस्ती बिजली देने एनटीपीसी का रोडमैप तैयारः अखिलेश**



## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में सिंहदेव व शफी अहमद

**अम्बिकापुर।** कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में लोक सभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारको की सूची जारी कर दी है।





स्टार प्रचारकों में सरगुजा संभाग से पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और श्रम कल्याण मण्डल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद शामिल हैं। शफी अहमद विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के स्टार प्रचारक थे। आज जारी की गई सूची में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, प्रभारी महामंत्री सचिन पायलट, रजनी पाटिल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, तेलंगाना के मुख्यमंत्री जयवंत रेड्डी, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खु, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कुमारी शैलजा, दीपा दास मुंशी, रंजीत रंजन सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल है।

### आश्रम से भगवान की मूर्ति राम चरितमानस चोरी

**अंबिकापुर।** राजपुर के बाटीडांड में स्थित स्वामी विवेकानंद आश्रम से भगवान की पीतल की मूर्ति, रामचरित मानस ग्रन्थ सहित अन्य सामान की चोरी हो गई। आश्रम प्रबंधन की ओर से घटना की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि राजपुर के बरियों चौकी अंतर्गत बाटीडाड में स्वामी विवेकानंद आश्रम संचालित है। आश्रम की देखरेख का जिम्मा स्वामी रामानंद सरस्वती आ. स्व. शंकर लाल के पास है। बताया जा रहा है कि 26 मार्च की दोपहर दो बजे रामानंद सरस्वती आश्रम को बंद करके अपने शिष्यों से मिलने के लिए वाड्रफनगर चले गए थे और 29 मार्च की शाम जब वे पुनः आश्रम पहुंचे तो आश्रम के दरवाजे का ताला गायब था व कुंडी लगी हुई थी। जब वे आश्रम के अंदर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था और मंदिर के अंदर पीतल का राम दरबार की मूर्ति, बजरंगबली की पीतल की मूर्ति, कांसे का दो नग थाली, राम चरितमानस, 2 एलईडी बल्ब, सरसो तेल, अगरबत्ती समेत अन्य सामान गायब थे। ऐसे में उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। आज पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### टांगी लेकर उत्पात मचाने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गांव में नदी से खेत में पानी पटाने को लेकर हुए विवाद में उत्पात मचाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी टांगी से कई लोगों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश की जा रही थी। लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चोरकीडीह निवासी भाईदूज नागेश खेती किसानी का काम करता है और खेत में पानी पटाने के लिए उसने गागर नदी से पम्प लगाकर पाइप लगाया है। नदी से पानी सिंचाई के दौरान 26 मार्च की सुबह 7.30 बजे पड़ोसी नारायण यादव द्वारा ग्रामीण के खेत में लगे पाइप को टांगी से काट दिया गया। जब भाईदूज नागेश ने इसका विरोध किया तो आरोपी नारायण यादव ने उसपर टांगी से हमला कर दिया जिससे उसके दाहिए कंधे पर गंभीर चोट आई। जब मारपीट देखकर ग्रामीण का बेटा विजय नागेश बीच बचाव करने आया तो उसने विजय नागेश के भी सिर पर टांगी से वार कर दिया जबकि पड़ोसी युवक डुले राम की पसली पर उसने टांगी से वार किया। इतना ही नहीं उसने पड़ोसी के लोहरा, रामजीत, अरुण कुमार नागेश के पाइप को भी टांगी से काट दिया।

## 50 फीसदी मजदूर ही कर रहे काम, पलायन भी जारी

# आचार संहिता लगते ही मनरेगा में घटी मजदूरों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ पलायन होने से मजदूरों की संख्या में तेजी से आ रही गिरावट

गर्मी के दिनों में मनरेगा के तहत अधिकतर कार्य होते हैं, किंतु इस बार लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से ही अचानक कार्यरत मजदूरों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। वहीं इसके साथ ही पलायन भी होने शुरू हो गया है।

गर्मियों के समय ही मनरेगा के तहत काफी संख्या में कार्य किए जाते हैं। यह समय निर्माण कार्यों के लिए काफी सही माना जाता है। इसलिए इस सीजन में अधिक से अधिक मजदूरों को लगाकर काम लिए जाने को लेकर समय समय पर निर्देश दिए जाते रहते हैं। इन कार्यों को बारिश से पहले ही खत्म करना होता है। ऐसे में गर्मियों के दिनों में ही मनरेगा में कार्य काफी तेज गति से हो पाते हैं, हालांकि इस बार नजारा कुछ और ही देखने को मिल रहा है। लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के बाद से ही मजदूरों की संख्या करीब 50 फीसदी तक घट गई है। यानी पूर्व में जहां एक्टिव मजदूरों की संख्या में 70 से 80 हजार तक होती थी, तो अब वहीं यह संख्या में 30 से 35 हजार में सिमट गई है। हालांकि आदर्श आचार संहिता के लागू होने के बाद मजदूरों की संख्या में यह कमी क्यों यह जानने का प्रयास किया जा रहा है और इसके साथ ही अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य दिए जाने की बात भी कही जा रही है।



मनरेगा में काम करते मजदूर।

### ज्यादा पैसे कमाने कर रहे पलायन

बता दें कि गर्मियों के दिनों में हर दिन रेलवे स्टेशन में पलायन करने वाले मजदूरों को देखा जा सकता है। जम्मू, श्रीनगर, पंजाब आदि प्रांतों में खाने कमाने जा रहे कुछ मजदूरों ने बताया कि वर्तमान में खेती किसानी बंद हो गया है। यही वजह है कि वे पूरे परिवार सहित इन प्रांतों में मजदूरीं करने जा रहे हैं। यहां उन्हें मजदूरों के रूप में अधिक मेहनताना दिया जाता है।

### कम है मनरेगा की मजदूरी

पलायन करने वाले ही कुछ अन्य मजदूरों ने बताया कि पिछले सत्र तक उन्हें मनरेगा में 221 रूपए दिए जाते थे, जो अब बढ़ कर प्रतिदिन 243 रूपए हो गए हैं। वहीं दिगत प्रांतों में उन्हें प्रतिदिन का 800 से 1500 रूपए तक मिल जाता है। अहम बात यह है कि इन मजदूरों में से कई ऐसे भी हैं जो मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड धारी हैं, लेकिन वे गर्मी के दिनों में अमूमन हर वर्ष खाने कमाने के लिए दिगत प्रांतों में जाते हैं।



उमादेवी को सम्मानित करती सजल ग्रुप की सखियां।

# मतदाता जागरूकता अभियान की सजल ग्रुप ने की शुरुआत

■ वरिष्ठ मतदाता उमादेवी को किया गया सम्मानित

**जशपुरनगर।** नगर के जागरुक महिला समूह सजल के सदस्यों द्वारा आज शत प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प लिया गया। सजल ग्रुप शहर के जागरुक और सक्रिय महिला सखियों का ग्रुप है, जो समाज के कई सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहता है। इस ग्रुप के द्वारा" ना केवल स्वयं मतदान देने का संकल्प किया गया बल्कि शहर के सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस अभियान की शुरुवात नगर की वरिष्ठ मतदाता सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती उमा देवी पांडेय के घर से की गई। सजल सखियों द्वारा उनके घर जाकर श्रीमती पांडेय को श्रीफल देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया और मतदान करने का निवेदन किया गया। इस अवसर पर परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए इसकी आवश्यकता पर की जानकारी देकर मतदान अवश्य करने का निवेदन किया गया। "मेरा मत मेरा अधिकार, लोकतंत्र में अपनी सरकार का हर्षोल्लास के साथ अभियान' की नारा देते हुए हर्षोल्लास के साथ अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सजल की सभी सखियां श्रीमती ममता सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, हेमा शर्मा, सीमा गुप्ता, सरिता साहू, अभिलाषा गुप्ता, किरण महतो, अनिता गुप्ता, अनिता चौधरी, मंजूला झा, ज्योति शाहनी, डॉली कुशवाहा, रीना सोनी, शशि साहू, कंचन साहू सभी उपस्थित थीं।

# सीएम साय भाजपा की केंद्रीय घोषणा पत्र समिति में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भारतीय जनता पार्टी ने लोक सभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने वाली समिति में शामिल किया है। केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली इस घोषणा पत्र समिति मुख्यमंत्री साय सहित 27 सदस्य शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 2023 में भारतीय जनता पार्टी ने विधान सभा चुनाव मे मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी किया था। इसमें दो साल का धान का बकाया बोनस, 18 लाख परिवारों को पीएम आवास और महतारी वंदन, 31 सौ रुपए क्विंटल धान खरीदी जैसे वायदे शामिल थे। मोदी के इन सभी गारंटी का जादू, मतदाताओं के सिर पर चढ़ कर बोला था और कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई थी। भाजपा के घोषणा पत्र समिति में शामिल होने से घोषणा पत्र को धार मिलने की आशा की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जमीन से जुड़े नेता रहे है। पंच सरपंच से मुख्यमंत्री का सफर तय करने वाले विष्णुदेव साय को राजनीति के अनुभव के साथ, आदिवासी क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों को नजदीक से देखा है। इसलिए उम्मीद की जा रही है भाजपा के घोषणा पत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस अनुभव की छाप अवश्य दिखाई देगी।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय।

# उत्कल ब्राह्मण समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बालाजी मंदिर प्रांगण में शनिवार को उत्कल ब्राह्मण परिषद जशपुर के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के समस्त उत्कल ब्राह्मण परिवार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा मन्त्रोचार के साथ जगनाथ महाप्रभु एवं मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात समाज की महिलाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित नारायण नन्दे, नरेश नन्दे एवं श्रीमती सविता मिश्रा ने समाजिक समरसता एवं एकता के सुदृढ़ीकरण हेतु अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही इस प्रकार के आयोजनों की निरन्तरता पर बल दिया। रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित इस समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें समाज के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार श्रीमती नेहा मिश्रा, द्वितीय, पुरस्कार श्रीजा, तृतीय पुरस्कार सन्तोषीनी मिश्रा को मिला। नृत्य व गायन प्रतियोगिता में आयुष्मान सतपती प्रथम द्वितीय माही एवं पूर्वी महापात्र तथा तृतीय स्थान श्रीमती सन्तोषीनी मिश्रा को प्राप्त हुआ। छोटे बच्चों का धार्मिक क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया गया था। जिसमें साई महापात्र प्रथम माही महापात्र द्वितीय तथा आयुष्मान सतपती तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम ⏭ शेष पेज 4 पर



होली मिलन समारोह मनाते हुए।

# श्रीहरि अखंड कीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

**खास बात**
■ कार्यक्रम में पद्मश्री जगेश्वर समेत प्रबुद्धजनों को किया गया सम्मानित

बगीचा के रायकेरा में श्रीहरि अखंड कीर्तन नामयज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आयोजन समिति के द्वारा समाज को गौरवान्वित करने वाले पद्मश्री जगेश्वर यादव, नव नियुक्त सिविल जज संतोष यादव व उनके पिता, सेवानिवृत मंडल संयोजक बसंत गृही व न्यायाधीश गुलापन यादव के पिता को शाल, श्रीफल समेत राधाकृष्ण की स्वर्ण प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि रायकेरा में पिछले शुक्रवार को देवस्थापना के साथ श्रीहरि अखंड कीर्तन नामयज्ञ की शुरुआत की गई। जिसमें बगीचा समेत जिले के विभिन्न गांव से कीर्तन मंडली ने आकर संकीर्तन में भाग लिया। हरे रामा हरे रामा, रामा रामा हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा, कृष्णा कृष्णा, हरे हरे अखंड हरि कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने उक्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। अखंड हरि कीर्तन आयोजन समिति के लीलाधर गृही, दानी यादव, मिथलेश यादव, नेमनारायण पटेल, विनोद गृही, कुलदीप गृही, महेश्वर गृही, कविराज यादव, नंदलाल यादव, सुरेंद्र, विनोद यादव, ब्रजनाथ, रवि यादव, गोकुल यादव, रामेश्वर यादव, कमलेश, जयंत, तिलेश्वर समेत अन्य समाज के लोगों ने पद्मश्री जगेश्वर यादव, बसंत गृही व सिविल जज संतोष व उनके पिता का सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों एवं समाज के लोगों का योगदान रहा।



कार्यक्रम में सम्मानित करते समाज के प्रबुद्धजन।

# शनिवार रात को आए आंधी- तूफान में विशालकाय पेड़ गिरा, लगी आग

**खास बात**
■ हाई टेंशन 1100 बोल्ट के तार पर लगी आग

**जशपुरनगर।** नारायणपुर से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी पर बस्ती के नजदीक शनिवार रात आए आंधी तूफान के कारण एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़कर बगल से जा रहे हाई टेंशन तार जिसमें ग्यारह सौ वोल्ट करंट दौड़ रहा था पर गिरने के कारण पेड़ में आग लग गई। आग लगाने के कारण बस्ती में अफरा तफरी मच गई। इस घटना में किसी तरह की जान माल की हानि नहीं हुई है। हाई टेंशन तार के टूटने के कारण आसपास के लगभग आधा दर्जन गांवों में ब्लैक आउट हो गया। आधा दर्जन गांव के लोग अंधेरे में रात बिताए। हालांकि बिजली विभाग के कर्मचारी सुबह से ही लाइन शुरू करने की मशक्त कर रहे। शाम चार बजे तक व्यवस्था दुरुस्त नहीं की जा सकी है।



## ईस्टर विजिल उत्सव संत इग्नासियुस जर्च, शांति भवन में संपन्न

# संत इग्नासियुस चर्च शांति भवन में प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ईस्टर विजिल पास्का जागरण को महान जागरण, पवित्र रात्रि भी कहा जाता है। पारंपरिक विश्वास के अनुसार यह एक धार्मिक अनुष्ठान है। ईस्टर, ईसाई पूजन-वर्ष में सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक धार्मिक उत्सव है।

ईसाई धार्मिक ग्रंथ के अनुसार इस दिन ईसा मसीह को सूली पर लटकाए जाने, मर जाने और कब्र में दफनाए जाने के पश्चात तीसरे दिन ईसा मसीह मृतकों में से पुनर्जीवित हो गए। यह एक मान्यता है के ईसा मसीह तमाम विश्वासियों के मुक्ति और सारी दुनिया को पापों से छुटकारा दिलाने के लिए अपने जीवन की कुर्बानी आहुति दी। इस पावन अवसर को ईसाई जगत में ईस्टर दिवस, ईस्टर रविवार, पास्का रविवार के रूप में मनाते हैं।

संत इग्नासियुस चर्च शांति भवन, जशपुर में ईसाई अनुयायी शाम 8 बजे से ही चर्च प्रांगण में एकत्रित होना प्रारंभ किए। मिस्सा-पूजा का प्रारंभ पास्का मोमबत्ती जला कर किया गया। उपस्थित सभी विश्वासियों की हथेली में मोमबत्ती प्रज्वालित कर पुनर्जीवित प्रभु मसीह का यशोगान किया गया। उपदेशक फा. अमिद एक्का ने जी-उठे प्रभु मसीह के सभी गुणों का बखान करते हुए कहा, प्रभु मसीह पर आशा, विश्वास और भरोसा रखकर अपने-अपने जीवन में प्रभु की कृपा एवं आशिर्वाद से खुशहाल और समृद्धि जीवन के लिए अनवरत प्रयत्न करते रहें। क्योंकि प्रभु मसीह जीवन और पुर्नरूत्थान है। इस पावन अवसर पर दस पुरोहित, चर्च के कार्यकरिणी सदस्य काथलिक सभा, महिला संघ, चर्च के युवा सदस्य एवं करीबन बारह हजार विश्वासी, ईस्टर विजिल प्रार्थना के लिए सम्मिलित हुए थे। उपस्थित विश्वासी जनसैलाब ये साबित करके के दिखाया कि पुनर्जीवित प्रभु मसीह हमारी दृढ़ इच्छा शक्ति को इनकार नहीं करेंगे। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित रेम, फा. निर्मल मिंज उपस्थित लोगों को पुनर्जीवित प्रभु मसीह का आशीर्वाद प्रदान कर सभों को पासका पर्व की बधाईयां दी। तत्पश्चात जशपुर पुलिस को सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया।



पवित्र पूजन में शामिल ईसाई समाज के लोग।

# कलेक्टर ने पालिका क्षेत्र अंतर्गत होने वाले विभिन्न निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया



निर्माण स्थलों का निरीक्षण करते कलेक्टर।

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने नगर पालिका परिषद जशपुर अंतर्गत होने वाले जय स्तंभ चौक, एस्ट्रो टफ ग्राउंड, हाईटेक बस स्टैंड, सेमर तालाब, महाराजा चौक, सती तालाब सहित अन्य स्थलों पर होने वाले आगामी निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त संबंधित स्थल में निर्माण कार्य की जानकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी से ली। निर्माण कार्य को कराए जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए तथा सभी कार्यों के डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीहरिओम द्विवेदी, सीएमओ सहित नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।

31 March -Jash-RAGH-CORIY- Bhoomi pg2_Layout 1 3/31/2024 7:50 PM Page 1





# नायक 2 को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साल 2001 में अभिनेता अनिल कपूर के फिल्मी करियर की एक बेहद शानदार मूवी आई, जिसका नाम नायक-द रियल हीरो था। पॉलिटिकल ड्रामा इस मूवी ने अपनी लाजवाब कहानी से फैंस के दिल बखूबी जीत लिया और नायक सुपरहिट साबित हुई। इस मूवी का निर्देशन साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर एस शंकर ने किया था। ऐसे में अब शंकर ने दो अनिल कपूर से खास मुलाकात की है। इन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं और अब प्रशंसकों के बीच ये चर्चा काफी तेज हो गई है कि जल्द ही नायक 2 को लेकर कोई न कोई अपडेट आने वाला है।

लाइफ Style

# ऋचा



एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपकमिंग पीरियड ड्रामा 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को लेकर खुलासा किया है कि कैसे फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने सीरीज में वास्तिवकता की झलक पेश करने के लिए वेशभूषा पर काम किया। उन्होंने असली पुराने आभूषणों और कपड़ों का इस्तेमाल किया।

## हीरामंडी में हुआ पुराने कपड़ों का यूज

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा ने कहा कि भंसाली अपनी दुनिया के प्रति बेहद सचेत हैं। ऋचा ने कहा, यह उनका दृष्टिकोण है। वह भव्यता, कविता, संगीत, पोशाक और आभूषण चाहते हैं। हमने जो आभूषण पहने हैं वे सभी असली हैं। भले ही यह तीन-चार किलोग्राम के आभूषण हों, यह सभी असली, सभी पुराने आभूषण हैं। इसमें कॉस्ट्यूम के तौर पर पुराने कपड़ों का उपयोग किया गया है। 'लज्जो' की भूमिका के लिए की गई तैयारियों के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, उर्दू सीखने के लिए काफी क्लासेज लेनी पड़ी।

जब मैं बच्ची थीं तो मैंने एक दशक तक कथक सीखा था, इसलिए मुझे उसमें निखार लाना था। मैंने वॉयस मॉड्यूलेशन किया। एक्ट्रेस ने कहा, 1930, 1940 और 1950 के दशक में महिलाएं कैसे बात करती थीं, मैंने उस तरीकों को अपनी बोलचाल में लाने की कोशिश की। उस बातचीत में एक अलग लय थी। सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' का प्रीमियर जल्द ही नेटफ्लिक्स पर होगा। 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से संजय लीला भंसाली ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे है।




# मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी क्रिस्टन

**लॉस एंजेलिस।** बेला स्वान उर्फ क्रिस्टन स्टीवर्ट मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी। वह सिर्फ एक शर्त पर एमसीयू की फिल्मों में नजर आएंगी। मार्वल फिल्मों में काम करने को लेकर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा, मैं शायद कभी मार्वल फिल्म नहीं करूंगी। यह वाकई एक बुरे सपने जैसा लगता है। आपके पास एक व्यक्ति पर इतना पैसा और इतना भरोसा होना चाहिए और ऐसा नहीं होता है। यह एक अजीब अनुभव है, जहां आप इसके बारे में बिल्कुल भी व्यक्तिगत महसूस नहीं कर सकते। तो इस वजह से नहीं। हालांकि, क्रिस्टन ने आगे कहा कि अगर वह कभी मार्वल के तहत कोई प्रोजेक्ट साइन करेंगी तो एक शर्त होगी। शर्त ये होगी कि ग्रेटा गेरविग (बार्बी फिल्म की डायरेक्टर) इसकी डायरेक्टर हो। वह कहती हैं, लेकिन शायद दुनिया बदल जाएगी, मैं यही कह रही हूं। मैं आपको कैसे मना कर सकती हूं, जब शायद एक दिन अगर ग्रेटा गेरविग मुझसे मार्वल फिल्म करने के लिए कहेंगी, तो मैं वह करूंगी। मालूम हो कि ग्रेटा पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'बार्बी' के लिए एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनेटेड राइटर-डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लेडी बर्ड' और 'लिटिल वुमेन' जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। क्रिस्टन की भारत में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। 'ट्वाइलाइट' मूवी सीरीज से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।




# साल की तीसरी बड़ी ओपनर बनी क्रू

**मुंबई।** तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म के पहले टीजर और फिर ट्रेलर के बाद तो इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया था। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'क्रू' को काफी अच्छे रिव्यू मिले हैं। दर्शक महिला प्रधान फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे बेहद एंटरटेनिंग फिल्म बता रहे हैं। इस वर्ष अब तक प्रदर्शित हुई फिल्मों में क्रू 3री ऐसी फिल्म रही, जिसने डबल डिजिट में ओपनिंग की है। इससे पहले प्रदर्शित हुई फाइटर और शैतान दो ऐसी फिल्में रही हैं। फाइटर ने पहले दिन 25 करोड़ और शैतान ने 14 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। अब क्रू ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10.28 करोड़ का कारोबार किया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें कोई बड़ा नायक नहीं है।



# 'श्रीकांत आ रहा...10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई ।** एक्टर राजकुमार राव जल्द ही उद्योगपति श्रीकांत बोला की वास्तविक जीवन की कहानी पेश करेंगे। 'श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' नाम की फिल्म अक्षय तृतीया के अवसर पर 10 मई को रिलीज होगी। 'सांड की आंख' के तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर भी हैं। यह फिल्म दर्शकों को एक उद्योगपति श्रीकांत बोला की रोमांचक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाती है, जिन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पूरा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। श्रीकांत जन्म से दृष्टिबाधित थे और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर था। 2012 में, उन्होंने रतन टाटा से फंडिंग लेकर बोलैंट इंडस्ट्रीज की शुरुआत की। यह इको फ्रेंडली पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है और कई दिव्यागों को रोजगार प्रदान करती है।



# मायरा 'पू' से बनी 'पार्वती

## लुक को लेकर किया खुलासा



**मुंबई ।** टीवी शो 'भाग्य लक्ष्मी' में सात साल का लीप आया है, जिससे एक्ट्रेस मायरा मिश्रा काफी खुश हैं। उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। इस नए लुक में वह साड़ी, बिंदी और बालों का जूड़ा बनाकर तैयार होती हुई नजर आएंगी। मायरा ने कहा, जब से मैं शो में शामिल हुई हूं, तब से मैं मॉडर्न और डिजाइनर आउटफिट पहन रही हूं। इसलिए मुझे खुशी है कि इस लीप के साथ, मुझे अब एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए यह पू बनी पार्वती जैसा है। एक्ट्रेस ने कहा, साड़ी पहनना मलिष्का के लिए अहम बदलाव है, जैसे- पू बनी पार्वती। मुझे हमेशा लगता है कि साड़ी लुक बेहद खूबसूरत और आकर्षक है। और आम तौर पर, हमें इसे रोजाना पहनने का मौका नहीं मिलता है, लेकिन मेरे लुक में बदलाव के साथ, मुझे इसका एक्सपीरियंस भी होगा। मायरा ने अपनी क्रिएटिविटी टीम को श्रेय देते बुए कहा कि टीम के लोग बेहद मददगार हैं। उनकी मदद से, हमने कई शानदार लुक डिजाइन किए हैं, जिन्हें मैं दर्शकों द्वारा स्क्रीन पर देखने का इंतजार नहीं कर सकती।



# थोड़ा देसी लड़के से डेट करना चाहती हैं कृति

**मुंबई।** एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म 'क्रू' के लिए काफी सरहाना मिल रही है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें भारतीय लड़के क्यों पसंद हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें एक ऐसे लड़के की जरूरत है, जो थोड़ा देसी हो। एक्ट्रेस ने कहा, अभी तक मैं किसी गोरे व्यक्ति की ओर आकर्षित नहीं हुई हूं, लेकिन मुझे कैनेडियन एक्टर रयान गोसलिंग बहुत आकर्षक लगते हैं। आप हॉट हो सकते हैं लेकिन मैं किसी ऐसे व्यक्ति के प्यार में नहीं पड़ी हूं, जो भारतीय नहीं है। मैं ऐसे लड़के को डेट करना पसंद करूंगी जो थोड़ा देसी हो। उन्होंने आगे कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं बहुत देसी हूं, मुझे चाहिए कि पार्टनर कम से कम हिंदी समझे। मेरे मुंह से हिंदी निकलने वाली है, मैं हमेशा इंग्लिश में बात नहीं कर सकती। मैं इंग्लिश गानों पर ज्यादा देर तक डांस नहीं कर सकती, मैं हिंदी गाने और पंजाबी गाने प्ले करना पसंद करती हूं।

# तमन्ना ने किया फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया ने शनिवार को अपनी अपकमिंग तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन करते हुए अपने नए फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें ग्रीन कलर के एथनिक आउटफिट में देखा जा सकता है। पिछली बार एक्ट्रेस मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आईं थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें तमन्ना ने स्लीवलेस बॉटल ग्रीन कलर का ब्लाउज पहना हुआ है, उस पर गोल्डन एंब्रॉयडरी का वर्क है। उन्होंने इसे लॉन्ग स्लीव्स से मेल खाते अलग जॉर्जेट फैब्रिक, मैचिंग स्कर्ट और ग्लोडन दुपट्टे के साथ पेयर किया। बबली बाउंसर एक्ट्रेस ने मैट मेकअप लुक चुना। साथ ही अपने बालों का बन बनाया, और आउटफिट के साथ बड़े गोल्ड झुमके पहने। पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा कि ग्रीन फ्लैग एनर्जी, हैशटैग अरनमनई 4। सुंदर सी द्वारा निर्देशित अरनमनई 4 में तमन्ना, राशी खन्ना, संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला और अन्य कलाकार हैं। अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा निर्मित यह फिल्म अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच, तमन्ना के पास पाइपलाइन में 'वेदा' और ओडेला 2 भी हैं।

## राजकपूर के लिए लकी साबित हुईं, बचाया था डूबता करियर

# डेब्यू फिल्म के लिए डिंपल ने दो बार दिया था स्क्रीन टेस्ट

**मुंबई।** एक तरफ 70 के दशक की कई ऐसी एक्ट्रेसेज रही हैं, जो अब एक्टिंग की दुनिया से नाता तोड़ चुकी हैं। लेकिन दूसरी तरफ डिंपल कपाड़िया वो अदाकारा हैं, जो आज भी हिंदी सिनेमा में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। कमाल की अदाकारी, झील जैसी आंखों और दमदार आवाज की धनी डिंपल अपने समय की सफल अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं।



### पहली बार हुई थीं रिजेक्ट

उन्होंने बेटे ऋषि कपूर को लॉन्च करने के लिए फिल्म बॉबी के बनाने का विचार किया और वह इसके लिए अदाकारा की तलाश करने लगे। बताया जाता है कि राज कपूर ने एक्ट्रेस के लिए अखबार में विज्ञापन भी निकलवाए थे, जिसे पढ़कर डिंपल कपाड़िया बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट देने गईं, लेकिन पहली बार में राज कपूर को उनका टेस्ट अच्छा नहीं लगा और डिंपल का रिजेक्ट कर दिया गया। उन्हें ऐसा लगा कि किरदार के हिसाब से डिंपल ऋषि से उम्रदाज दिखीं।

### पिता की वजह से मिला दूसरा मौका

पहली बार बॉबी मूवी के लिए स्क्रीन टेस्ट में विफल होने के बाद डिंपल कपाड़िया को दूसरा मौका उनके पिता की वजह से मिला। दरअसल एक्ट्रेस के पिता के एक मित्र राज कपूर के भी दोस्त थे। ऐसे में जब दूसरी बार डिंपल ने बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया तो इस बार वह डायरेक्टर को पसंद आईं और इसके साथ ही वह बॉबी के लिए सेलेक्ट हुईं।

### राज कपूर का बचाया करियर




जब सिनेमाघरों में फिल्म बॉबी रिलीज हुई तो इसने सफलता के सारे रिकॉर्ड धरायशी कर दिए। बताया जाता है कि ये मूवी कुछ शहरों के सिनेमाघरों में 6 महीनों तक हाउसफुल रही थी। इतना ही नहीं 1973 की टॉप फिल्मों में बॉबी शुमार हुई। इस फिल्म में अपनी कमाल की एक्टिंग से डिंपल कपाड़िया ने हर किसी का दिल जीता। बॉबी की सक्सेस से राज कपूर का डूबता हुआ करियर बच सका।

### 1973 में रखा बॉलीवुड में कदम

डिंपल कपाड़िया के बॉलीवुड डेब्यू की कहानी काफी रोचक है। पहली फिल्म के लिए उन्हें एक नहीं बल्कि दो बार स्क्रीन टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। डिंपल कपाड़िया ने साल 1973 में फिल्म बॉबी के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इस मूवी में उनके को-स्टार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर थे, जबकि फिल्म के निर्देशन की कमान उनके पिता और बॉलीवुड के शो मैन के नाम से मशहूर राज कपूर थे। लेकिन मेरा नाम जोकर के बुरे तरह असफल होने से राज कपूर की साख पूरी तरह से दांव पर लगी थी।

## सिटी स्पोर्ट्स

### ईस्टर संडे पर क्यों एक दूसरे को गिफ्ट में दिए जाते हैं अंडे



ईस्टर संडे ईसाई धर्म मानने वालों का एक खास त्योहार होता है, जो यीशु मसीह के पुनरुत्थान यानी प्रभु यीशु के पुनर्जन्म का प्रतीक है। यह ईसाई कैलेंडर के अनुसार साल का पहला रविवार होता है जो वसंत के बाद पड़ने वाले पहले पूर्णिमा के बाद आता है। 2024 में ईस्टर संडे 31 मार्च रविवार को होगा। क्या आप जानते हैं कि ईस्टर के त्योहार में अंडे का क्या महत्व होता है? आइए जानते हैं...

#### ईस्टर संडे का महत्व

ईसाईयों का मानना है कि यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद, वे मृतकों में से जी उठे थे। ईस्टर संडे यीशु मसीह के पुनर्जन्म और मृत्यु पर विजय पाने का जश्न मनाने का दिन है। साथ ही इस दिन ईसाई धर्म में अंडे को नए जीवन का प्रतीक माना जाता है। यही वजह है कि ईस्टर के दिन लोग गिफ्ट के तौर पर अंडे दिया करते हैं और खास तरह से सजाते हैं। अंडे को रंग-बिरंगे रंगों से रंगकर कलाकृतियां की जाती है। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे पर एक-दूसरे को अंडे, चॉकलेट, बन्नी, मिठाइयां, फूल, कपड़े जैसे उपहार देते हैं। वहीं, ईस्टर में प्रभु यीशु का पुनर्जन्म इस बात का भी संदेश देता है कि, सत्य कभी मरता नहीं है।

#### ईस्टर संडे कैसे मनाया जाता है

ईसाईयों के लिए ईस्टर संडे एक खास धार्मिक त्योहार के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन, वे चर्च जाते हैं, प्रार्थना करते हैं और यीशु मसीह के पुनर्जन्म का जश्न मनाते हैं। ईस्टर संडे, गुड फ्राइडे के तीसरे दिन मनाया जाता है। बाइबल और ईसाई धर्म के मुताबिक, गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। तीन दिन बाद, ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह दोबारा जीवित हो गए थे। ईसाई धर्म के लोग ईस्टर संडे को ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में मनाते हैं। इसका जश्न पूरे 40-50 दिनों तक चलता है। ईस्टर संडे पर चर्च और घरों को मोमबत्तियों से सजाया जाता है। कुछ जगहों पर, अंडा रोलिंग नाम की परंपरा भी है। इसमें बच्चे सजे हुए अंडे को पहाड़ी से नीचे लुढ़काते हैं। अंडा रोलिंग, यीशु की कब्र से पत्थर लुढ़कने का प्रतीक माना जाता है।

## चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मिली बड़ी कामयाबी

# अब एआई टूल बताएगा, कहीं आपमें हृदय रोगों से मौत का खतरा तो नहीं?

हृदय रोग और इसके कारण होने वाली मौतों का जोखिम पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। इसके अलावा कोरोना महामारी ने इसकी दिक्कतों को और भी बढ़ा दिया है। इसलिए जरूरी है सभी लोगों को हृदय को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। गौरतलब है कि हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु का प्रमुख कारण भी रहे हैं।हृदय रोगों के जोखिम को कैसे कम किया जाए, समय पर इसकी पहचान कैसे की जाए इसके लिए वैज्ञानिकों की टीम लगातार शोध कर रही है। इस दिशा में ब्रिटिश शोधकर्ताओं को बड़ी कामयाबी मिली है। वैज्ञानिकों ने एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उपकरण विकसित किया है, दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से किसी व्यक्ति में वेंट्रीकुलर एरिथमिया (वीए) का आसानी से पता लगाया जा सकता है।वेंट्रीकुलर एरिथमिया, हृदय गति से संबंधित गंभीर समस्या मानी जाती है जो निचले कक्षों (वेंट्रिकल्स) से उत्पन्न होती है। इसका समय पर निदान-उपचार न हो पाए तो इसके जानलेवा दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



### अध्ययन में क्या पता चला

यूरोपियन हार्ट जर्नल में इसके प्रकाशित शोधपत्र के अनुसार वैज्ञानिकों ने 270 वयस्कों के ईसीजी की जांच करके उनमें हृदय की स्थितियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की। लगभग 159 लोगों ने घातक वेंट्रिकुलर अतालता का अनुभव किया था। एआई टूल का उपयोग हृदय ताल की जांच करने के लिए किया गया था ताकि प्रतिभागियों में ये पता लगाया जा सके कि कहीं इससे भविष्य में गंभीर समस्याओं का खतरा तो नहीं है? वैज्ञानिकों ने कहा ये टूल सटीक तरीके से समस्या के निदान में सहायक हो सकता है। हर पांच में से चार मामलों में, एआई उपकरण ने सही भविष्यवाणी की, इससे ये पता लगाना भी आसान हो सकता है कि किस मरीज में वेंट्रीकुलर एरिथमिया और इसके कारण गंभीर जोखिमों का खतरा हो सकता है?

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

यूनिवर्सिटी में इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के प्रोफेसर आंद्रे एनजी कहते हैं, महत्वपूर्ण बात यह है कि इस उपकरण से ये जान सकते हैं कि किस व्यक्ति में जोखिम अधिक है। हम न सिर्फ इससे हृदय गति में समस्या के बारे में पता कर सकते हैं साथ ही इससे यह पता करने में भी मदद मिलती है कि किसे इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर डिफाइब्रिलेटर के साथ जीवन रक्षक उपचार की जरूरत हो सकती है।

### एआई टूल से वेंट्रीकुलर एरिथमिया का चल सकेगा पता

वेंट्रीकुलर एरिथमिया में दिल के तेजी से धड़कने और तेजी से रक्तचाप कम-ज्यादा होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं, जिसका अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो इसके कारण कई लोगों में चेतना की हानि और अचानक मृत्यु का भी खतरा हो सकता है। इसको रोकने और समय रहते समस्या के निदान और उपचार के लिए वैज्ञानिकों ने **VA-ResNet**-50 नामक **AI** टूल विकसित किया है। इसकी मदद से हृदय गति की समस्या का समय पर निदान करने और अगर कोई दिक्कत है तो उसका उपचार करने में मदद मिल सकती है। वेंट्रीकुलर एरिथमिया की स्थिति हार्ट फेलियर जैसी दिक्कतों का भी कारण बन सकती है।



### गंभीर हृदय समस्याओं का चल सकेगा पता

शोधकर्ता कहते हैं, मरीजों के इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम की जांच में एआई का उपयोग करते हुए हम उनमें हृदय रोग की गंभीर समस्याओं के जोखिम को निर्धारित कर सकते हैं। उचित उपचार प्राप्त होने से रोगी का जीवन बचाना आसान हो सकता है। हृदय स्वास्थ्य के संबंध में ये आवश्यक हो जाता है कि समय पर रोगी की स्थिति का निदान और उपचार हो सके। ज्यादातर स्थितियों में अगर समय पर रोगी को उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है।



# बिना इम्तिहान दिए आपको मिल सकती है सरकारी नौकरी

खेल कोटा के तहत भी बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। साथ ही, यहां कुछ वेबसाइट के बारे में बताया गया है, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है। सरकारी नौकरी ढूंढना एक मुश्किल काम हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। सरकारी नौकरी ढूंढने के लिए आप कई स्तरों पर परीक्षाएं देते हैं, जैसे कि प्रीलिम्स, मेन्स और इंटरव्यू । इतनी तैयारी के बावजूद भी सरकारी नौकरी के लिए छात्रों को कई अटेम्प्ट देने पड़ते हैं। ये परीक्षाएं छात्रों के लिए काफी कठिन भी साबित होती हैं, पर क्या आप जानते हैं कि बिना एग्जाम दिए भी सरकारी नौकरी हासिल की जा सकती है। यहां कुछ जगहें दी गई हैं, जहां आपको एक साथ सरकारी नौकरियों के बारे में सारी जानकारी मिल सकती है।

### बिना परीक्षा दिए सरकारी नौकरी पाने के लिए ये तरीके अपनाए जा सकते हैं

My Gov Jobs की वेबसाइट सबसे पहले Mygov Jobs सर्च करें और Work at MyGov पर क्लिक करें। यहां भारत सरकार की तरफ से जारी की गई मैनेजर से लेकर सहायक तक के पद की एक सूची मिलेगी। इसकी मदद से आप अपने योग्य वैकेंसी चुन सकते हैं। भारतीय अदालतों में टाइपिस्ट के पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लिखित परीक्षा नहीं देनी होती, लेकिन टाइपिंग टेस्ट और इंटरव्यू देना होता है।



यूपीएससी में नौकरियों के लिए आवेदन किया जा सकता है। इन भर्तियों के लिए भी किसी तरह की कोई लिखित परीक्षा नहीं होती। जैसे, असिस्टेंट डायरेक्टर, साइंटिस्ट-बी, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ग्रेड-I, साइंटिस्ट-बी, स्पेशलिस्ट ग्रेड-III,साइंटिस्ट बी, इंजीनियर एंड शिप सर्वेयर कम डिप्टी डायरेक्टर जनरल और स्पेशलिस्ट ग्रेड-III आईटीआई अप्रेंटिस की वैकेंसी में भी बिना लिखित परीक्षा के नौकरी पाने के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसमें ट्रेनी के तौर पर ज्वाइनिंग कराई जाती है।



### नीति आयोग की वेबसाइट

इसके साथ ही नीति आयोग की वेबसाइट पर वैकेंसी की कैटेगरी में आपको ऐसी कई पदें मिल जाएंगी, जिनमें आप अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। नीति आयोग में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने के लिए, उम्मीदवारों को नीति आयोग की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई करना होता है। नीति आयोग की जरूरतों के मुताबिक, उम्मीदवारों की प्रोफाइल की प्रारंभिक स्क्रीनिंग और शॉर्टलिस्टिंग के बाद, आगे की चयन प्रक्रिया के लिए कुछ उम्मीदवारों को बुलाया जाता है। नीति आयोग, नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्टेज पर किसी भी उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द करने के लिए स्वतंत्र है। अगर कोई उम्मीदवार अयोग्य पाया जाता है या गलत जानकारी, प्रमाण-पत्र या दस्तावेज पेश करता है ।

### BECIL की ऑफिशियल वेबसाइट

BECIL की ऑफिसियल वेबसाइट पर सरकारी विभागों जैसे कि एम्स, मिनिस्ट्री और आईआईएम में अप्लाई करने के लिए वैकेंसी मिल जाएंगी। ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (BECIL) में बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाने का मौका मिलता है। BECIL साल भर कई पदों के लिए उम्मीदवारों की भर्ती करती है। BECIL में नौकरी पाने के लिए, इन स्टेप्स का पालन करें

BECIL की आधिकारिक वेबसाइट becil.com पर जाएं।करियर पेज पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन फॉर्म पर क्लिक करें। आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाएं। फॉर्म भरें, शुल्क का भुगतान करें और फॉर्म जमा करें। भविष्य के लिए फॉर्म का प्रिंट आउट ले लें।



## खबर संक्षेप



### मतदाता जागरूकता को लेकर निकली बाइक रैली

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और जन जन को मतदान देने के लिए प्रेरित करने के लिए जिले के तीनो विकासखंड सारंगढ़ बिलाईगढ़ और बरमकेला में स्कूल शिक्षा विभाग और प्रभारी खेल अधिकारी के नेतृत्व में बाइक स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। इसमें सारंगढ़ बीईओ रेशम लाल कोशले, खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार, फकीरा यादव सहित अन्य शिक्षक गण उत्साह के साथ शामिल हुए।

### दो बाइक में भिड़ंत युवक घायल

**रायगढ़।** भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सलौनीकला के समीप दो बाइक में भिडंत हो गया। जिससे एक युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी बाइक सवार पर अपराध दर्ज कर लिया है।
इस संबंध में आशीष दिनकर पिता जमुना प्रसाद निवासी ग्राम सलौनीकला ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 29 मार्च को ग्राम सलौनीकला स्थित अपने घर से स्टेट बैंक एटीएम भटगांव पैसा निकालने अपने दोस्त सागर दिनकर के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 एम 6449 में आये थे, कि उसी समय गिधौरी तरफ से सारंगढ की ओर जा रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 एडी 0970 के चालक ने मोटर सायकल को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल को ठोकर मार दिया।

### ट्रक की चपेट में आकर 2 घायल

**रायगढ़।** सरसिवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें संजीवनी 108 की सहायता से स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में सुकदेव हिरवानी पिता भोंदल हिरवानी निवासी भटगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है।

### प्राची विहार से शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राची विहार में मुखबिर की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब कोचिया से 8 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल तस्दीक कार्रवाई के लिए प्राची विहार थाने के स्टाफ को रवाना किया गया। चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा संदेही अहलाद चौहान पिता असाडू चौहान उम्र 45 वर्ष निवासी छोटे हल्दी थाना पुसौर जिला रायगढ़ को पकड़ा गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### उत्कल ब्राह्मण ...

का समापन सामूहिक भोज उपरांत सदस्यों द्वारा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ के सामाजिक नियमों का पालन करते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाकर किया गया। आयोजन को सफल बनाने में नारायण नन्दे, प्रदीप मिश्रा, नरेश मिश्र द्वारिका मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, अशोक दास सहित समस्त उत्कल ब्राह्मण बन्धुओं सराहनीय योगदान रहा। मंच का सफल संचालन गिरेन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया।

### लारा परियोजना प्रमुख ने दी उपक्रम से जुड़ी जानकारी

# सबसे सस्ती बिजली देने एनटीपीसी का रोडमैप तैयार: अखिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सस्ती दरों पर ज्यादा बिजली का उत्पादन करके देश में ऊर्जा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए बिजली बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी एनटीपीसी एक व्यापक तकनीकी रोडमैप तैयार कर रही है। इस कवायद के तहत बिजली उत्पादन में उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करके पर्यावरण पर पड़ने वाले असर को भी कम से कम करने पर भी कंपनी का जोर है। कंपनी 2032 तक देश में बिजली उत्पादन में ग्लोबल स्तर की तकनीक अपनाने के लक्ष्य वाले इस तकनीकी रोडमैप पर सक्रियता के साथ काम कर रही है। एनटीपीसी के इस तकनीकी रोडमैप में कार्यदक्ष और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर बिजली उत्पादन के स्तर को गुणवत्तापरक बनाने के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है।

इस संदर्भ में एनटीपीसी लाया उपक्रम के परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह ने शनिवार को एक प्रेस वार्ता के माध्यम से बिजली उत्पादन से जुड़ी जानकारी देते हुए बताया कि कई नई तरह की तकनीकों और लारा उपक्रम में कई नई प्रणालियों का इस्तेमाल किए जाने से इस दिशा में प्रगति भी देखने को मिल रही है। इनमें बेहतर ढंग से कोयले की ढुलाई, वितरण और प्रबंधन करने के लिए सुविधा जनक एवं आधुनिक प्रणाली का प्रयोग और बिजली उत्पादन में उत्पन्न होने वाली राख एश को कम करने के लिए एश वाटर रिडक्शन सिस्टम का इस्तेमाल शामिल है। इसके अलावा कंपनी की योजना आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से ऊर्जा उत्पादन को बढ़ानेए तथा प्रदूषण कमतर करने की ओर अग्रसर है।



प्रेसवार्ता लेते उद्योग प्रबंधन के अधिकारी।

अखिलेश सिंह ने बताया कि तकनीकी उन्नयन और स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के लिए क्लीन टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने और प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए एनटीपीसी ने 2023-24 में कई परियोजनाओं में आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया है। इसका लक्ष्य संयंत्रों का क्षमता विस्तार करने के साथ साथ ज्यादा सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत में बिजली उत्पादन करने वाली तकनीक के इस्तेमाल को आगे बढ़ाना है। कंपनी को उम्मीद है कि तकनीकी उन्नयन का काम पूरा हो जाने पर इन संयंत्रों में भी नई उन्नत परियोनाओं की तरह बिजली का उत्पादन किया जा सकेगा। एनटीपीसी भारत की ऊर्जा परिवर्तन यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश नेट.शून्य लक्ष्य और जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है। समानांतर में बिजली उत्पन्न करने वाली सिद्ध तकनीक का निवेश और प्रभावी ढंग से उपयोग करना महत्वपूर्ण है, जो सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय है। नवाचार और थन सरोकार, उर्जा बचत, सुरक्षा, फ्लाईएश का निपटान, पर्यावरण संरक्षण के लिए लारा परियोजना को केन्द्र वन राज्य से बहुत से पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं। अब एनटीपीसी लारा सबसे सस्ती महेश 1.70 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली उत्पादन के साथ साथ सोलर व हाईड्रो पात्र का समन्वय कर देश भर में बढ़ती बिजली की मांग पूरा करने की तैयारी ये है। अखिलेश सिंह ने बताया कि समानांतर मेंए बिजली उत्पन्न करने वाली सिद्ध तकनीक का निवेश और प्रभावी ढंग से उपयोग करना महत्वपूर्ण है, जो सस्ती, सुलभ और विश्वसनीय है। परियोजना प्रमुख ने बताया कि एनटीपीसी लारा उपक्रम स्थापना के बाद से अब तक निरंतर मुनाफा देता आ रहा है और निकट भविष्य मे अन्य पात्र यूनिट शुरु होते ही लाभ प्रतिशत मे और भी वृद्धि होगी।

### जन सरोकारों को भी नए आयाम

एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह ने बताया कि संयंत्र के आसपास के दो दर्जन से ज्यादा गांवों में उनकी तरफ से मोबाईल मेडिकल वैन स्कूलों की मरम्मत, शिक्षण व अध्यापन सामग्री एंव शिक्षकों की व्यवस्था के अलावा ग्रामीण अंचल की बालिकाओं को एनटीपीसी के उड़ान योजना के अंतर्गत चार सप्ताह बोर्डिंग की तर्ज पर शैक्षणिक वन बहुआयामी प्रशिक्षण तथा पोषण एंव विकास के प्रति जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है जिससे बालिकाओं के जीवन ये निर्णायक बदलाव आए रहा है। इसके अलावा तालाब गहरीकरण, जल शुद्धि पचरी एआहाता तथा शौचालय समेत शासन की कौशल विकास एवं स्वच्छता मिशन के अंतर्गत भी लारा परियोजना ढ़ेरों जनहितैषी काम कर रही है। इस प्रेस वार्ता में मुख्य प्रबंधक राजीव रंजन, प्रोजेक्ट मैनेजर रविशंकर, मानव संसाधन विभाग के कन्हैया दास जनसम्पर्क विभाग से विष्णु प्रसाद साहू समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## कृषि अनुसंधान परिषद में सदस्य बने टीकाराम को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

टीकाराम पटेल की नियुक्ति एक पुराने एवम कर्मठ कार्यकर्ता का सम्मान है।यह बात राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उस वक्त कही जब पटेल अपनी नियुक्ति के बाद उनसे सौजन्य भेंट करने उनके रायपुर निवास पहुंचे थे।विदित हो कि पिछले दिनों भारत सरकार के कृषि मंत्री एवम् भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवम् भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता टीकाराम पटेल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के प्रबंध समिति में अशासकीय सदस्य के रूप में नामांकित किया है। भारत सरकार कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा जारी पत्र के अनुसार टीकाराम पटेल को कृषि क्षेत्र में उनके अनुभव तथा अनुसंधान में रुचि को देखते हुए 3 वर्षों के लिए नियुक्ति प्रदान करते हुए प्रबंधन समिति संस्थान एवम् भारतीय मृदा विज्ञान संस्थानए भोपाल के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है तथा इस अवधि में उनके समस्त यात्राए आवास आदि परिव्यय भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान एवम् प्रबंधन समिति संस्थान वहन करेगी। कृषि मंत्रालय द्वारा टीकाराम पटेल की छत्तीसगढ़ राज्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। और उम्मीद की है कि उनके प्रयास से राज्य में कृषि अनुसंधान एवं कृषकों के विकास को लेकर बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### इन्दौर पुरी हमसफर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 20917/20918 इन्दौर पुरी इन्दौर हमसफर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी 3 कोच व एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20917 इन्दौर पुरी एक्सप्रेस में 02 अप्रैल को तथा गाड़ी संख्या 20918 पुरी इन्दौर एक्सप्रेस में 04 अप्रैल को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## निकाली गई कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोडा

नगर घरघोड़ा नेगी पारा में नवधा रामायण प्रारंभ हुआ जिसमें भव्य रूप से कलश यात्रा निकाली गई जो कि घरघोड़ा में सार्वजनिक नवधा रामायण महायज्ञ घरघोड़ा में सन 1986 से सतत आज 38 वां वर्ष के साथ नेगीपारा मुहल्ला में धार्मिक जन जागरण के साथ प्रभु श्री राम की अलौकिक भक्ति को प्रकट करते हुए राम चरित मानस गान के साथ नवधा भक्ति का रस सतत प्रवाहमान है।जहा छत्तीसगढ़ अंचल के प्रसिद्ध मानस गायक आमंत्रित रहते हैं वहीं क्षेत्रीय मानस गायकों का योगदान शत प्रतिशत रहता है। इस आयोजन में नगर के समस्त श्रद्धालु भक्तों का तन मन धन से विशेष सहयोग रहता है। कटंगडीह कीर्तन मंडली के साथ भव्य कलश यात्रा के नवधा रामायण प्रारंभ होने जा रहा है।

## ढाबा में शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि रायगढ़ पूंजीपथरा मार्ग स्थित वेलकम ढाबा में मंदीप सिंह भाटिया के द्वारा भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बिक्री करने इकट्ठा कर रखा गया है। सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा शराब रेड कार्रवाई किया गया।

जहां मौके पर मिला व्यक्ति अपना नाम मंदीप सिंह भाटिया पिता परमजीत सिंह भाटिया उम्र 26 वर्ष निवासी बुधवारी पारा वार्ड नंबर 13 डोंगरगढ थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव हाल मुकाम सांई कालोनी उर्दना थाना कोतवाली जिला रायगढ़ का होना बताया



जिससे शराब विक्रय के संबंध में पूछताछ करने पर अवैध रूप से शराब बिक्री करना स्वीकार कर ढाबा के पीछे प्लास्टिक बोरी में छिपाकर रखा 11 नग बीयर, 9 पाव देशी अंग्रेजी शराब कुल शराब मात्रा 8.670 बल्क लीटर कीमती 3, 470 रुपए का जब्त कर आरोपित मंदीप भाटिया पर थाना सिटी कोतवाली रायगढ में धारा 34,2, 59,क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक हेमन पात्रे, श्रीराम साहू, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक और आशीष महंत शामिल थे।

## शहरी क्षेत्र में सट्टा पट्टी लिखते चार सटोरिए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शहर के चार अलग अलग इलाकों से 4 सटोरियों को सट्टा पट्टी लिखते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न इलाकों में सट्टा पट्टी लिखने वालों की सूचनाएं लेकर अभियान स्तर पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई जिसमें राजा महल रायगढ के पास आरोपी रमेश पटेल पिता स्व. लक्ष्मण पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी नवागढी राजापारा रायगढ़ सुल्तान होटल संजय काम्पलेक्स हटरी में आरोपी बसीर हुसैन पिता बदरू हुसैन उम्र 36 वर्ष निवासी मधुबन पारा रायगढ थाना कोतवाली रायगढ़, रेल्वे बंगला पारा जगन्नाथ मंदिर के पास आरोपी छबि राम धीवर पिता स्वर्गीय भागीरथी धीवर उम्र 36 वर्ष निवासी रेल्वे बंगला पारा थाना सिटी कोतवाली जिला, रायगढ, रेल्वे स्टेशन रोड केकी बार के पीछे गली में आरोपी अजय ठाकुर पिता लाभ सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी सोनिया नगर कोतरारोड थाना कोतवाली रायगढ़ को पकड़ा गया। चारों आरोपियों के कब्जे से, सट्टा पट्टी विवरण, पेन और नगद रुपए कुल 5,800 जब्त किया गया है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में पृथक पृथक धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। अभियान स्तर पर की गई कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, उपनिरीक्षक अमरनाथ शुक्ला, प्रधान आरक्षक जगदीश नायक, आरक्षक जगमोहन ओग्रे, मनोज पटनायक और धनीराम सिदार शामिल थे।

## खुले ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण, विभाग का ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के मुख्य मार्ग व गली मोहल्लों में लगाए गए कई ट्रांसफार्मर के बाक्स खुले हुए हैं। यह खुले हुए ट्रांसफार्मर के बॉक्स बड़ी दुर्घटना को न्यौता दे रहे हैं।

- एक दर्जन से अधिक इलाकों में लगे ट्रांसफार्मर का यही हाल

शहर में एक दर्जन से अधिक इलाकों में लगे ट्रांसफार्मर के बाक्स का यही हाल है।

अहम बात यह है कि ट्रांसफार्मर के यह खुले हुए बॉक्स काफी लबे समय से इन्हें यूं ही छोड़ दिया गया है, ऐसे में स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों की माने तो ट्रांसफार्मर के नीचे लगे बाक्स जमीन से दो या तीन फीट की ऊंचाई पर लगे रहते हैं, जो बच्चों व जानवरों की आसन पहुंच में हैं। शाम होते ही ज्यादातर बच्चे घर के बाहर खेलते नजर आते हैं। इस समय यदि कोई बच्चा वहां पहुंच जाता है तो बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाद भी विभाग द्वारा इस अव्यवस्था में किसी प्रकार से सुधार नहीं रहा है। इस तरह की स्थिति शहर के राम निवास टाकीज के पास, बैकुंठपुर क्षेत्र, कोतरारोड क्षेत्र सहित अन्य जगहों में दर्जनभर से अधिक ट्रांसफार्मर बाक्स खुले पडे.है। लोगों का कहना है कि इस बाक्स से पावर सप्लाई ट्रांसफार्मर में होता है। इससे हाई वोल्टेज होने के कारण अगर कोई इसके संपर्क में आने पर बड़ी अनहोनी हो सकती है। शहर सहित मुख्य मार्गों में लगे ट्रांसफार्मर बाक्स को बंद रखना चाहिए, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से बच सके। विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर के खुले बाक्स के नीचे हरी घांस होने के कारण कई बार मवेशी उसे खाने के लालच में वहां पहुंच जाते हैं। इससे हमेशा भय बना रहता है कि कहीं करंट के चपेट में न आ जाए।



## रिटर्न फाइल करने अवकाश के दिन भी खुलेगा आयकर कार्यालय

**रायगढ़।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स सीबीडीटी की ओर से आदेश जारी किया गया है कि आयकर विभाग के लंबित कार्यों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार और रविवार को आईडी दफ्तर खोले जाएं।

31 मार्च को वित्त वर्ष का समापन है और कई सारे काम के साथ-साथ करदाताओं को रिटर्न फाइल करने के लिए भी पर्याप्त समय मिल सके। इसके लिए जिन लोगों ने पुरानी कर व्यवस्था का विकल्प चुना है और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर बचत साधन में निवेश करना चाहते हैं उनके लिए 31 मार्च की समय सीमा है। जनवरी 2024 के लिए विभिन्न धाराओं के तहत की गई कटौती के लिए टीडीएस फाइलिंग प्रमाण पत्र की जरुरत है। फरवरी 2024 में धारा 19,4 एम के तहत कटौती के लिए चालान वितरण दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 मार्च है। आयकर विभाग की ओर से करदाताओं को एन्युवल इनफार्मेंसन स्टीटमेंट बखूबी जांच कर उसे आईटीआर-यू के माध्यम से दिखाने की बात कही जा रही है। वहीं कुछ ऐसे करदाता जिन्होंने आयकर रिटर्न ही नहीं दाखिल किया था। वे भी अपना आईटीआर यू दाखिल कर सकेंगे। कर निर्धारण वर्ष 2021-22 के लिए आईटीआर यू दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है। वहीं ऐसे संस्थान या ट्रस्ट जिन्होंने अपनी ऑडिट रिपोर्ट 10बी या 10बीबी गलत दाखिल कर दी थी। उन्हें भी 31 मार्च तक सही रिपोर्ट को सुधार कर दाखिल करने का मौका दिया गया है। साथ ही एडवांस टैक्स की चौथी किश्त जो 15 मार्च तक जमा करनी थी।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह मार्च 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 8 दिन | 4.00 | 32.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## लू से बचने सीएमएचओ ने दी जानकारी, किया जागरूक

**सारंगढ़।** ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने तथा नागरिकों को लू लगने की संभावना है, जिससे आम जन जीवन व स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिसे देखते हुए सीएमएचओ डॉक्टर अवधेश पाणिग्राही ने जिले वासियों से आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय करने की अपील की है।

बिलाईगढ़ जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है, जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट.स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में वनांचल ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जंगलों में जाकर महुआ संकलन का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं लेते इस कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जाते हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को उपचार हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां एवं ओआरएस की उपलब्धता सुनिश्चित कर मरीजों का उपचार करने को कहा गया है।





